सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा, उत्तराखंड | SOBAN SINGH JEENA UNIVERSITY ALMORA, UTTARAKHAND

पत्रांक–SSJU / मा0 / 2025–26 / 2371 दिनांक– 29/09/2026

सेवा में,

1. कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
2. कुलसचिव, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल।
3. विश्वविद्यालय समन्वयक, बी0एड0 / एम0एड0 प्रवेश परीक्षा।

**विषय– संयुक्त राज्य स्तरीय बी0एड0 / एम0एड0 प्रवेश परीक्षा 2026 की संस्थान आधारित काउंसलिंग के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संदर्भ में आपके सादर संज्ञान में लाना है कि दिनांक–16.08.2026 को संयुक्त राज्य स्तरीय बी0एड0 / एम0एड0 प्रवेश परीक्षा 2026 आयोजित की गई थी, अर्ह अभ्यर्थियों की प्रथम एवं द्वितीय काउंसलिंग की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण होने के पश्चात प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।

उपरोक्तानुसार बी0एड0 / एम0एड0 की तृतीय काउंसलिंग संस्थान स्तर पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से संपादित की जाएगी। जिस हेतु ऐसे उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिन्होने काउंसलिंग हेतु पूर्व में पंजीकरण नहीं कराया है उनको भी एक अवसर प्रदान किए जाने के दृष्टिगत 29 एवं 30 सितम्बर 2026 तक समर्थ पोर्टल ऐसे छूटे अभ्यर्थियों को काउंसलिंग हेतु पंजीकरण करवाने के लिए खोला जा रहा है।

दिनांक 02.10.2026 से 08.10.2026 तक **समस्त बी0एड0 / एम0एड0 संस्थान को उपलब्ध कराई जा रही उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची में से ही रिक्त सीटों के सापेक्ष आरक्षण का अनुपालन करते हुए मैरिट के आधार पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगें।** तद्नुसार प्रत्येक संस्थान अपने स्तर से प्रवेश हेतु अपने संस्थान में रिक्त सीटों की सूचना प्रचारित / प्रसारित करना सुनिश्चित करेंगे ताकि अर्ह / उत्तीर्ण समस्त अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु समान अवसर मिल सके।

अभ्यर्थी इच्छित संस्थान में उपलब्ध रिक्त सीटों के अनुसार प्रवेश हेतु संबंधित बी0एड0 / एम0एड0 संस्थान से संपर्क कर प्रवेश की प्रक्रिया में सम्मिलित होंगे। प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल **दिनांक 02.10.2026 (पूर्वाह्न 10 बजे) से 08.10.2026 (रात्रि 11:59 बजे तक)** को सक्रिय रहेगा। उक्त अवधि के उपरांत कोई भी प्रवेश अनुमन्य नहीं होंगे।

**समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों से हुई वार्ता एवं सर्वसम्मति से लिए गए निर्णयों के आलोक में क्षैतिज आरक्षण के तहत स्वयं सैनिक (Self Defence/ EX- Army) एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित (FF) में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की उपलब्धता न्यून होने के कारण स्वयं सैनिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित की रिक्त सीटों पर सामाय श्रेणी के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रवेश दिए जाने हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा इस प्रतिबंध के साथ स्वीकृति प्रदान की गई है कि यदि उक्त दोनों उपश्रेणी में उत्तीर्ण अभ्यर्थी यदि प्रवेश हेतु आवेदन करें तो प्राथमिकता के आधार पर उक्त उपश्रेणियों के अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाए तत्पश्चात रिक्त रहने की स्थिति में सामान्य वर्ग से मैरिट के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जाए।**

अतः आपसे निवेदन है कि उक्त सूचना को अपने स्तर से अपने विश्वविद्यालय के सेवित क्षेत्र के अभ्यर्थियों के मध्य प्रचारित / प्रसारित करने का कष्ट करेंगें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. श्री अभिषेक पटेल, समर्थ नोडल दिल्ली को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें
3. वैबसाइट प्रभारी, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को वैबसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें।
4. संपादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, उत्तर उजाला, सहारा टाइम्स को इस आशय के साथ प्रेषित की उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।

कुलसचिव